## मै0 कैलाश रिवर बैड मिनरल्स एल0एल0पी0 द्वारा स्वर्णा नदी, ग्राम सेन्ट्रल होपटाउन (सेलाकुई पुल से ऊपर की ओर), तहसील विकासनगर, जिला देहरादून में लघु खनिजों के संग्रहण हेतु दिनांक 01.05.2025 (प्रातः 11.00 बजे), स्थान परियोजना स्थल पर पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का कार्यवृत्त।

---

मै0 कैलाश रिवर बैड मिनरल्स एल0एल0पी0 द्वारा स्वर्णा नदी (क्षेत्रफल–7.20 हे0) में लघु खनिजों के संग्रहण हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये जन सुनवाई का आयोजन किया गया। पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून में प्रस्ताव प्राप्त हुआ। उक्त प्रस्ताव पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार की पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, अधिसूचना–2006 के अतर्गत आच्छादित है। उक्त परियोजना की पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन आख्या, पर्यावरणीय प्रभाव अधिसूचना–1994 यथासंशोधित के अनुसार तैयार की गयी है तथा लोक सुनवाई पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना–2009 के अनुसार की गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), देहरादून श्री जय भारत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सेन्ट्रल होपटाउन (सेलाकुई पुल से ऊपर की ओर), तहसील विकासनगर, जिला देहरादून में लोक सुनवाई आयोजित की गयी। राज्य बोर्ड के प्रतिनिधि के रूप में श्री एस0एस0 चौहान (सहायक वैज्ञानिक अधिकारी) व श्री दीपेन्द्र भट्ट (अनुश्रवण सहायक) उपस्थित थे।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति द्वारा 11.00 बजे प्रातः लोक सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

सर्वप्रथम उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के प्रतिनिधि श्री एस0एस0 चौहान, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा लोक सुनवाई के आयोजन के उद्देश्य के बारे में उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया और कहा गया कि उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून को मै0 कैलाश रिवर बैड मिनरल्स एल0एल0पी0 द्वारा स्वर्णा नदी में लघु खनिजों के संग्रहण/एकत्रण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। भारत सरकार की अधिसूचना सितम्बर–2006 यथा संशोधित के अनुसार परियोजना में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई का प्राविधान है। इस हेतु लोक सुनवाई की तिथि से नियमानुसार 30 दिन पूर्व दैनिक समाचार पत्र टाईम्स ऑफ इण्डिया (दिल्ली संस्करण) एवं अमर उजाला (उत्तराखण्ड संस्करण) के दिनांक 29.03.2025 के अंक में इस आशय की सूचना प्रकाशित की गयी थी। विज्ञप्ति के माध्यम से जन साधारण द्वारा इस परियोजना के कियान्वयन से पूर्व सुझाव आपत्ति, टीप टिप्पणी आक्षेपमांगे गये थे। यदि स्थानीय लोगों की परियोजना के बारे में कोई आपत्ति या सुझाव हैं तो उनको इस लोक सुनवाई के माध्यम से लिखित व मौखिक रूप से रख सकते हैं, जिसे संकलित कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया जायेगा, उनके द्वारा जन समुदाय से अनुरोध किया गया कि जन समुदाय के विचार, सुझाव परियोजना के पक्ष में अथवा विपक्ष में इस मंच के ... वीडियो रिकार्डिंग एवं फोटोग्राफी भी की जायेगी।

**श्री सचिन चौधरी, निवासी सेन्ट्रल होपटाउन, सेलाकुई, देहरादून** द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित परियोजना स्थल से 300 मीटर की दूरी पर शिवनगर बस्ती है। बस्ती का उल्लेख प्रस्तुतिकरण में नहीं किया गया। खनन कार्य से भू–कटाव न हो। भू–कटाव की रोकथाम के लिये बाढ सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाये व खनन कार्य में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये। खनन कार्य से उत्पन्न धूल के नियंत्रण हेतु उचित व्यवस्था की जाये।

2. **श्री राजकुमार निवासी शिवनगर बस्ती, सेलाकुई, देहरादून** द्वारा अवगत कराया गया कि खनन क्षेत्र शिवनगर बस्ती से लगा हुआ है। बस्ती के आसपास खनन से पूर्व सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाये।

3. **श्रीमती शिल्पा देवी, निवासी शिवनगर बस्ती, सेलाकुई, देहरादून** द्वारा कहा गया कि बरसात में बाढ़ की समस्या बनी रहती है, जिस हेतु खनन से पूर्व बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाये तथा क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान हेतु प्रस्तावक द्वारा सहयोग किया जाये। इस पर प्रस्तावक द्वारा आश्वासन दिया गया कि खनन कार्य नियमानुसार ही किया जायेगा।

4. **श्री अनिल नौटियाल (पूर्व प्रधान), सेलाकुई, देहरादून** द्वारा कहा गया कि प्रस्तावित परियोजना की लोक सुनवाई की कोई सूचना पूर्व में नहीं दी गई। साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि खनन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, सड़को को पक्का किया जाये, सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाये व सुरक्षा के दीवार के आसपास वृक्षारोपण किया जाये। इसके अतिरिक्त उन्होंने इस बात पर जोर दिया गया कि खनन वाहनों के आवाजाही बस्ती से न हो और परियोजना के CSR Fund को बढ़ाया जाये।

5. **श्रीमती किरन पंवार (पार्षद) वार्ड नं–2, सेलाकुई, देहरादून** के द्वारा सुझाव दिया गया कि खनन कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधि की सहमति /उनके द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार ही किया जाये व खनन वाहन शिवनगर बस्ती से होकर न जाये।

6. **श्री संजय कुमार, (प्रधान प्रतिनिधि), शंकरपुर, सेलाकुई देहरादून** द्वारा अवगत कराया गया कि खनन क्षेत्र के अन्तर्गत हाट बाजार, मानसिक चिकित्सालय, स्कूल एवं ईदगाह तथा होपटाउन की घनी आबादी आती है। श्री संजय द्वारा कहा गया कि खनन कार्य नियमानुसार नहीं किया जाता है। वह इस परियोजना का विरोध करते हैं। **उनके द्वारा खनन के विरोध में लिखित प्रत्यावेदन दिया गया।**

7. **श्री दीपक कुमार निवासी शिवनगर बस्ती, सेलाकुई देहरादून** द्वारा सुझाव दिया गया कि खनन 03 मीटर के स्थान पर 02 मीटर तक ही किया जाये, जिससे खनन क्षेत्र में दुर्घटना की संभावना कम हो जायेगी तथा खनन वाहनों के लिये बस्ती से बाहर रास्ता बनाया जाये।

8. **श्री मोहम्मद शरीफ, निवासी मोहम्मद नगर बस्ती, सेलाकुई देहरादून** द्वारा अवगत कराया गया कि मोहम्मद नगर बस्ती में बच्चे रोड़ पर घूमते हैं जिससे खनन वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना हो सकती है। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि बस्ती में खनन वाहन न जायें तथा रात्रि के समय खनन कार्य न किया जाये।

अन्त में उक्त आपत्तियों के अनुक्रम में मै० कैलाश रिवर बैड मिनरल्स एल०एल०पी० के प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि भूमि को कटाव से बचाने हेतु वृक्षारोपण किया जायेगा एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु पर्यावरणीय प्रबन्धन योजना के अनुसार कार्य किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा अवगत कराया गया कि स्थानीय ग्रामीणों के विकास हेतु कारपोरेट सोशियल रिस्पोंस्बिलिटी (CSR) के अन्तर्गत खनन कार्य से प्राप्त लाभांश का कुछ भाग विभिन्न सामाजिक विकास कार्य में व्यय किये जाने का भी प्राविधान है। स्थानीय स्तर पर खनन कार्य होने से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध होना स्वाभाविक है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा बताया गया कि खनन कार्य न होने के कारण नदी का वास्तविक स्वरूप बदल जायेगा और नदी जंगल एवं कृषि भूमि का कटाव करेगी इसलिये नदी का चुगान वैज्ञानिक तरीके से करना अति आवश्यक है। परियोजना के अन्तर्गत स्थानीय लोगों की सहभागिता का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि खनन वैज्ञानिक तरीके से किया जाये जिससे पर्यावरणीय क्षति न हो।

तदोपरान्त लोक सुनवाई की कार्यवाही अध्यक्ष महोदय की अनुमति के द्वारा समापन की घोषणा की गयी है। जन सुनवाई की कार्यवाही की फोटाग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गयी है।

संलग्नक–

1. फोटो
2. डी०वी०डी० / पैन ड्राइव
3. उपस्थिति पंजिका
4. प्रत्यावेदन–01

(एस०एस० चौहान)
सहा०वैज्ञा०अधिकारी
यू०ई०पी०पी०सी०, देहरादून

(जय भारत सिंह)
अपर जिलाधिकारी (प्रशा०)
देहरादून

# ग्राम पंचायत शंकरपुर, हुकूमतपुर

विकासखण्ड – सहसपुर, जनपद – देहरादून

**श्रीमती बेबी रानी**
धर्मपत्नी श्री संजय कुमार
**ग्राम प्रधान**

सत्यमेव जयते

निवास : नियर एक्सिस बैंक, शंकरपुर
हुकूमतपुर, पो.ओ. रामपुर कलां
सेलाकुई, देहरादून (उत्तराखण्ड)
मो. 9412325651, 9760865651, 9897606152

दिनांक 01/5/025

पत्रांक ..............................

सेवा में,
अपर जिला अधिकारी
प्रशासन
देहरादून

महोदय,
सादर निवेदन है कि ग्राम पं० शंकरपुर हुकूमतपुर में सारना नदी बहती है जिसमें बरसात के दिनों में बहुत तेज पानी बहता है नदी के किनारे के पास घनी आबादी व जागरण लॉ कालेज, उत्तराखण्ड मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र व गौशाला नगर निगम, मार्गदर्शन पबलिक स्कूल, ईदगाह, हाफीट बाजार की भूमि स्थित है जिसमें बरसात में भूमि कटाव का खतरा बना रहता है।
अतः महोदय जी से विनम्र निवेदन है कि जनहित को यह सभी संस्थानों को ध्यान में रखकर उचित कार्यवाही करें।
ग्राम पं० इस खर्च पर लगने ... करती है

(मुहर: प्रशासक ग्राम पंचायत रामपुर कलां, वि०ख० सहसपुर, देहरादून)

प्रधान
ग्रा० पं० शंकरपुर हकूमतपुर

Date ........................

Page ........................

मैo कैलाश रीवर बैड मिनरल्स एल० एल० पी० द्वारा ग्राम सेन्ट्रल होप टाउन सेलाकुई देहरादून द्वारा स्वर्णा नदी में खनन प्रक्रिया हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति आज दिनांक 01/07/ को आहूत की गई उपस्थिति का विवरण –

| क्रम०सं० | नाम | पदनाम | मो० न० | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जय भारत सिंह | अपर जिलाधिकारी (प्र०) देहरादून | 9456334433 | [signature] |
| 2 | सुन्दरसिंह चौहान | सहायक वैज्ञानिक अधिo यू० के० पी० सी० बी० | 9719034547 | [signature] |
| 3 | दीपेन्द्र भट्ट | अनु० सहा० (UKPCB) | | [signature] |
| 4 | [signature] | शंकर पुर ईस्ट होप टाउन | | [signature] |
| 5 | राजकुमार | शीवनगर बस्ती | | Rj |
| | रामअवध | " | | रामअव |
| 6 | कुन्दन | " | | कुन्दन |
| | राम इकबाल | " | | राम इकब |
| 7 | [signature] | शंकर पुर | | [signature] |
| 8 | साजिद | " | | साजिद |
| 9 | अफजल | शंकर पुर ईदगाह बस्ती | | अफजल |
| 10 | साहिल | ईस्ट होपटाउन | | साहिल |
| 11 | रोहित कुमार | ईस्ट होपटाउन | | रोहित कुम |
| 12 | साहिल कुमार | ईस्ट होपटाउन | | साहिल कुमार |
| 13 | मौ० रिहान | शंकरपुर | 9084961518 | मौ० रिहान |
| 14 | राशिद अली | शंकरपुर | | राशिद अली |
| 15 | Atul Verma | East Hopetown | | [signature] |
| 16 | Shivam | " " | | [signature] |

Date ..................

Page ..................

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | बैजन्ती | शीवनगर | बैजन्ती |
| 19 | संजीला देवी | शीवनगर | संजीला देवी |
| 20 | गीता देवी | शीवनगर | गीता देवी |
| 21 | कविता देवी | शीवनगर | कविता |
| 22 | रिंकु देवी | शीवनगर | रिंकु देवी |
| 23 | जयमाला देवी | शीवनगर | जयमाला देवी |
| 24 | मंजू देवी | शीवनगर | मंजू देवी |
| 25 | RAJESH SHARMA | Shiva ~~Tow~~ Selquei | Rajesh |
| 26) | Kapil | Solqui | KAPIL |
| 27) | Ashish | Selaqui | Ashish |
| 28) | Sakib | Shankerpur | Sakib |
| 29) | Zubair | Rampur | Zubair |
| 30) | Sanjay Kumar | Shanker Pur Dhalipur | [illegible] |
| (31) | तनवीर | रामपुर | [illegible] |
| 32. | रुजन रावत | हरिपुर | रुजन |